लल्लूराम.com
सच कहेंगे लल्लूराम

नकली शराब बनाने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह का हुआ पर्दाफाश, पुलिस ने 12 आरोपियों को किया गिरफ्तार

अमित पांडेय, खैरागढ़। खैरागढ़ जिला पुलिस ने नकली शराब बनाने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है. जिले में अब तक नक़ली शराब फैक्ट्री चलाने वाले गिरोह के 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है. वहीं मामले में अब तक 16 लाख से भी ज्यादा रुपए की मशीन और विभिन्न प्रकार के उपकरण भी जब्त किए गए हैं.

खैरागढ़ पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने बताया कि छुईंखदान के ग्राम खूँटेली कला निवासी जयकरण गुरुपंच, विचारपुर के अपने साथी नरसिंह वर्मा और उदयपुर निवासी विनोद सोनी के साथ मिलकर कई दिनों से नकली शराब बनाने का कारोबार चला रहे थे. कारोबार में संलिप्त सात आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी थी, जिसके बाद नकली शराब बनाने के इस अन्तर्राज्यीय अवैध कारोबार का बड़ा खुलासा हुआ है.

Source: https://lalluram.com/inter-state-gang-making-fake-liquor-busted/